अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

For All Competitive Exams

**04 AUG 2023**

## TOP 10 NEWS With MCQs

**प्रमुख बिन्दु**

- राष्ट्रीय समाचार
- अंतर्राष्ट्रीय समाचार
- खेल-कूद
- पुरस्कार/सम्मान
- महत्वपूर्ण दिवस
- बैंकिंग व अर्थव्यवस्था
- नव नियुक्तियाँ
- निधन
- विज्ञान व प्रौद्योगिकी
- विविध घटनाएँ

**USEFUL FOR**

IAS | PCS

BANK | SSC

RAILWAY

S-TET | UPSI

STATE EXAMS

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर में चार समुदायों को ST की सूची में शामिल करने के लिये संसद में एक विधेयक पेश किया**



- हाल ही में भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर में चार समुदायों को अनुसूचित जनजाति (ST) की सूची में शामिल करने के लिये संसद में एक विधेयक पेश किया है.
- इन चार समुदायों में शामिल हैं: गद्दा ब्राह्मण, कोली, पहारी जनजाति, और पहाड़ी जातीयसमूह.
- बता दें कि 'पद्दारी जनजाति पहाड़ी किश्तवाड़ जिले के सुदूर पद्दार इलाके में रहती है.
- **किसी समुदाय को ST सूची में जोड़ने की प्रक्रिया:**
- यह प्रक्रिया राज्य या केंद्रशासित प्रदेश स्तर पर शुरू होती है, जहाँ संबंधित सरकार या प्रशासन एक विशिष्ट समुदाय को शामिल करने की सिफारिश करता है।
- किसी भी समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करना तभी प्रभावी होता है जब लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पारित होने के बाद राष्ट्रपति संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 [Constitution (Scheduled Tribes) Order, 1950] में संशोधन करने वाले विधेयक को मंज़ूरी दे देता है।

2. **7वीं हॉकी पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारम्भ चेन्नई में हुआ**



- 7वीं हॉकी पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का शुभारम्भ चेन्नई में हुआ.
- इस टूर्नामेंट में कुल छह टीमें भाग ले रही है जिसमें भारत, पाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और मलेशिया शामिल है.
- यह टूर्नामेंट 10 तीनों तक आयोजित किया जायेगा.
- पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन एशियाई हॉकी महासंघ द्वारा 2011 से प्रतिवर्ष किया जाता है.

3. **डीजीसीए ने ड्रोन ट्रेनिंग के लिए 63 रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन को मंजूरी दी**



- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने ड्रोन ट्रेनिंग और स्किलिंग के लिए 63 रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन को मंजूरी दी है.
- इन ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन ने अब तक पांच हजार 500 से अधिक रिमोट पायलट प्रमाणपत्र प्रमाणित किये हैं.
- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय भारत में नागरिक उड्डयन को विनियमित करने के लिए भारत सरकार का एक वैधानिक निकाय है.

4. **यूनेस्को ने ग्रेट बैरियर रीफ को यूनेस्को के खतरे की सूची से हटा दिया**



- यूनेस्को विरासत समिति ने ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ को यूनेस्को की खतरे की सूची से हटा दिया है लेकिन चेतावनी दी है कि पारिस्थितिकी तंत्र अभी भी गंभीर खतरे में है.

- ऑस्ट्रेलिया की ग्रेट बैरियर रीफ दुनिया की सबसे बड़ी रीफ प्रणाली है.
- ग्रेट बैरियर रीफ ऑस्ट्रेलिया की पूरूब ओर प्रशांत महासागर में स्थित है ।

**5. अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा 'नया सवेरा योजना' शुरू किया**



- अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में बताया कि नया सवेरा योजना के तहत करीब 1 लाख 20 हजार अल्पसंख्यक छात्रों को फायदा हुआ है.
- 'नया सवेरा योजना' अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गयी एक योजना है.
- यह योजना विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विशेष कोचिंग की सुविधा प्रदान करती है.
- यह योजना सिख, जैन, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और पारसी समुदायों से संबंधित छात्रों के लिए शुरू की गयी है.

**6. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने आकाश मिसाइल के पहले 'रेडियो फ्रीक्वेंसी सीकर' का किया**




- भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने अपने अत्याधुनिक सीकर सुविधा केंद्र में निर्मित पहली रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) सीकर ऑफ आकाश को डीआरडीओ को सौंप दिया है.
- सीकर एक महत्वपूर्ण सबसिस्टम है जिसका उपयोग टर्मिनल फेज में टारगेट ट्रैकिंग के लिए सरफेस-टू-एयर और एयर-टू-एयर में मार करने वाली मिसाइलों में किया जाता है.
- भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की स्थापना 1970 में हैदराबाद में की गयी थी.

**7. शोहिनी सिन्हा को साल्ट लेक सिटी में एफबीआई के फील्ड का प्रमुख नियुक्त किया**



- भारतीय-अमेरिकी शोहिनी सिन्हा को साल्ट लेक सिटी में एफबीआई के फील्ड का प्रमुख नियुक्त किया गया है.
- सिन्हा ने हाल ही में वाशिंगटन, डीसी में एफबीआई मुख्यालय में निदेशक के कार्यकारी विशेष सहायक के रूप में कार्य किया है.
- वह 2001 में एक विशेष एजेंट के रूप में एफबीआई में शामिल हुईं थी.

**8. दूरसंचार के क्षेत्र में सहयोग स्थापित करने के लिए ट्राई ने सी-डॉट के साथ समझौता किया**



- भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) और सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने दूरसंचार में तकनीकी और संस्थागत सहयोग तंत्र स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.
- ट्राई, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 के तहत स्थापित एक नियामक निकाय है.
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है.

**9. जसप्रित बुमरा को आयरलैंड के दौरे के लिए भारतीय T20 टीम का कप्तान बनाया**



- 
- जसप्रित बुमरा अगस्त के मध्य में आयरलैंड में होने वाले तीन मैचों के T20I सीरीज के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है.
- बीसीसीआई ने हाल ही में 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की.
- कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले रिंकू सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है.
- वहीं ऋतुराज गायकवाड़ को टीम का उपकप्तान बनाया गया है.

**10. इगा स्विएटेक ने लौरा सीगमंड को हराकर डब्ल्यूटीए खिताब जीता**




- 
- पोलैंड की टेनिस सनसनी और दुनिया की नंबर 1 इगा स्विएटेक ने बीएनपी परिबास वारसॉ ओपन के फाइनल में लॉरा सीगमुंड को 6-0, 6-1 से हराकर सीज़न का अपना चौथा खिताब जीता।
- स्विएटेक ने मैच जीतकर इसे अपने करियर का 15वां खिताब अपने नाम कर लिया।
- यह सीज़न स्विएटेक के लिए बहुत अच्छा रहा है क्योंकि वह पहले ही दोहा, स्टटगार्ट और रोलैंड गैरोस जीत चुकी है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **हाल ही में चर्चा में रही पद्दारी जनजाति किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश से संबंधित है?**
   (a) अंडमान और निकोबार
   (b) ओडिशा
   (c) तेलंगाना
   (d) जम्मू-कश्मीर
2. **7वीं हॉकी पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किस शहर में किया जा रहा है?**
   (a) पटना
   (b) हैदराबाद
   (c) चेन्नई
   (d) वाराणसी
3. **डीजीसीए ने ड्रोन ट्रेनिंग के लिए कितने रिमोट पायलट ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन को मंजूरी दी है?**
   (a) 53
   (b) 63
   (c) 73
   (d) 83
4. **यूनेस्को ने ग्रेट बैरियर रीफ को यूनेस्को के खतरे की सूची से हटा दिया है यह कहां स्थित है?**
   (a) प्रशांत महासागर
   (b) हिंद महासागर
   (c) भूमध्य सागर
   (d) एटलांटिक महासागर
5. **'नया सवेरा योजना' किस केन्द्रीय मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है?**
   (a) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
   (b) गृह मंत्रालय
   (c) शिक्षा मंत्रालय
   (d) ग्रामीण विकास मंत्रालय
6. **आकाश मिसाइल के पहले 'रेडियो फ्रीक्केंसी सीकर' का निर्माण किसके द्वारा किया गया है?**
   (a) भारत डायनेमिक्स लिमिटेड
   (b) हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड
   (c) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
   (d) इंडियन ऑर्डिनेंस फैक्ट्री
7. **किस भारतीय-अमेरिकी को साल्ट लेक सिटी में एफबीआई के फील्ड ऑफिस का प्रमुख बनाया गया है?**
   (a) शोहिनी सिन्हा
   (b) प्रीति कपूर
   (c) आंचल रंजन
   (d) वर्षा गोपीनाथन
8. **दूरसंचार के क्षेत्र में सहयोग स्थापित करने के लिए ट्राई ने किसके साथ समझौता किया है?**
   (a) मेटा
   (b) रिलायंस
   (c) गूगल
   (d) सी-डॉट
9. **आयरलैंड के दौरे के लिए भारतीय T20 टीम का कप्तान किसे बनाया गया है?**
   (a) हार्दिक पंडया
   (b) जसप्रित बुमराह
   (c) ऋतुराज गायकवाड़
   (d) सूर्यकुमार यादव
10. **बीएनपी परिबास वारसॉ ओपन में लौरा सीगमुंड को हराकर खिताब किसने जीता है?**
   (a) करोलिना मुचोवा
   (b) ऐलेना रयबकिना
   (c) आर्यन सबलेंका
   (d) इगा स्वेटेक

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (c) | (b) | (a) | (a) | (a) | (a) | (d) | (b) | (d) |